PLANET NEWS INDIA
हर खबर सच के साथ

Follow us on:/

शनिवार,21,मार्च 2026

01



# प्लैनेट न्यूज़ इंडिया

हर खबर सच के साथ

RNI No.- UPHIN/25/A4228
भारत सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त

## Iran-Israel War: होर्मुज खुलवाने के लिए ट्रंप ने बनाया ये खतरनाक प्लान!



मिडिल ईस्ट में बढ़ते तनाव के बीच Donald Trump प्रशासन ईरान पर दबाव बनाने के लिए एक नई और आक्रामक रणनीति पर विचार कर रहा है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, अमेरिका खार्ग द्वीप (Kharg Island) को निशाना बनाकर Strait of Hormuz को खुलवाने की कोशिश कर सकता है। होर्मुज जलडमरूमध्य दुनिया के सबसे अहम तेल मार्गों में से एक है, जहां से वैश्विक तेल सप्लाई का बड़ा हिस्सा गुजरता है। ऐसे में यहां किसी भी तरह की रुकावट का असर सीधे अंतरराष्ट्रीय बाजार पर पड़ता है। हाल के दिनों में इसी वजह से तेल कीमतों में तेज उछाल देखने को मिला है। खार्ग द्वीप ईरान के लिए बेहद रणनीतिक महत्व रखता है। यह उसके कुल कच्चे तेल निर्यात का लगभग 90 फीसदी हिस्सा संभालता है। ऐसे में यदि अमेरिका इस द्वीप को नियंत्रित करता है, तो ईरान की अर्थव्यवस्था और ऊर्जा सप्लाई पर बड़ा असर पड़ सकता है।

हालांकि, इस योजना को लेकर कई तरह की चिंताएं भी सामने आ रही हैं। विशेषज्ञों का मानना है कि खार्ग द्वीप पर कब्जा करने के लिए अमेरिका को बड़े पैमाने पर हवाई और नौसैनिक हमले करने पड़ सकते हैं, जिससे पूरे क्षेत्र में युद्ध और तेज हो सकता है। Tom Cotton ने कहा है कि अमेरिका के पास इस स्थिति से निपटने के लिए कई विकल्प मौजूद हैं, जबकि सैन्य विशेषज्ञ Mark Montgomery का मानना है कि इस तरह का कदम सीमित फायदा देगा और जोखिम ज्यादा बढ़ाएगा।

## मोदी जी कह देंगे

### तो पापा दवा खा लेंगे': पीएम की इंस्टा स्टोरी वायरल; बेटे की भावुक अपील ने जीता सबका दिल



प्रधानमंत्री Narendra Modi की इंस्टाग्राम स्टोरी सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रही है। इस स्टोरी में एक बेटे ने अपने पिता के लिए भावुक अपील की, जिसमें उन्होंने पीएम से आग्रह किया कि उनके पिता दवा समय पर लें और अपनी सेहत का ध्यान रखें। पीएम मोदी ने इसे शेयर करते हुए लिखा, "युवराज के अनुरोध पर, मैं उनके पिता (और सभी से) आग्रह करूंगा कि वे चीनी का सेवन कम करें और स्वस्थ रहें।" इस स्टोरी को लोग एक बेटे की चिंता और प्रधानमंत्री के आम जनता से जुड़ाव का उदाहरण मान रहे हैं। इसके बाद पीएम मोदी ने "मीठा कम, योग ज्यादा" का संदेश भी साझा किया और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने, संतुलित आहार लेने और नियमित योग करने की सलाह दी। इस छोटी-सी लेकिन दिल छू लेने वाली कहानी ने पीएम मोदी के मानवीय और संवेदनशील पक्ष को भी उजागर किया। लोग इसे सिर्फ सोशल मीडिया की पोस्ट नहीं, बल्कि आम नागरिकों की छोटी-छोटी जरूरतों और भावनाओं को समझने और उन्हें महत्व देने के उदाहरण के रूप में देख रहे हैं।

## 30 रोजों के बाद ईद का जश्न, मस्जिदों में नमाज और लोगों ने गले मिलकर दी बधाई





रमजान के पूरे 30 रोजों के बाद जैसे ही ईद का चांद नजर आया, देशभर में खुशी की लहर दौड़ गई। मस्जिदों से ईद का एलान हुआ और लोगों ने एक-दूसरे को गले लगाकर मुबारकबाद दी। चारों तरफ जश्न का माहौल देखने को मिला और बाजारों से लेकर गली-मोहल्लों तक रौनक छा गई। इस खास मौके पर Narendra Modi ने देशवासियों को ईद-उल-फितर की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने सोशल मीडिया पर संदेश जारी करते हुए कहा कि यह त्योहार समाज में भाईचारे, दया और करुणा की भावना को मजबूत करे। साथ ही उन्होंने सभी के सुख, शांति और अच्छे स्वास्थ्य की कामना की। वहीं Droupadi Murmu ने भी देशवासियों, विशेषकर मुस्लिम समुदाय को ईद की बधाई दी। अपने संदेश में उन्होंने कहा कि ईद का यह पावन पर्व हमें आत्मसंयम, सेवा और जरूरतमंदों की मदद करने की प्रेरणा देता है। उन्होंने लोगों से अपील की कि इस अवसर पर समाज में एकता और सद्भाव को और मजबूत किया जाए।

देश के विभिन्न हिस्सों में लोगों ने सुबह मस्जिदों और ईदगाहों में नमाज अदा की। इसके बाद एक-दूसरे को गले लगाकर ईद मुबारक कहा और मिठाइयों के साथ खुशियां बांटीं। बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक सभी में खासा उत्साह देखने को मिला। इसके साथ ही प्रधानमंत्री Narendra Modi ने नवरोज के अवसर पर भी देशवासियों को शुभकामनाएं दीं और सभी के जीवन में खुशहाली और समृद्धि की कामना की।

## Ganga Iftar Party विवाद

### गंगा इफ्तार पार्टी विवाद पर हुई कार्रवाई तो भड़के ओवैसी, दागे तीखे सवाल!



वाराणसी में 14 मुस्लिम युवकों द्वारा गंगा नदी में नाव पर इफ्तार करने पर प्रशासन की कार्रवाई ने राजनीतिक और सामाजिक बहस को तेज कर दिया है। एआईएमआईएम प्रमुख Asaduddin Owaisi ने इस मुद्दे पर तीखी प्रतिक्रिया दी और सवाल उठाए कि आखिर किसकी धार्मिक भावनाएं आहत हो रही हैं। उन्होंने कहा, "अगर लोग शांतिपूर्वक इफ्तार कर रहे थे, तो उस पर कार्रवाई क्यों की गई? उनका एकमात्र अपराध मुसलमान होना है। रमज़ान के महीने में शराब की दुकानें खुली रहीं, क्या मेरी धार्मिक भावनाएं आहत नहीं हुईं?" स्थानीय प्रशासन ने बताया कि सार्वजनिक स्थलों पर बिना अनुमति इस तरह के आयोजनों से व्यवस्था प्रभावित हो सकती है, इसलिए कार्रवाई की गई। इसके बावजूद ओवैसी ने इसे धार्मिक स्वतंत्रता से जोड़ते हुए कहा कि देश में सभी धर्मों को समान अधिकार मिलने चाहिए और किसी एक समुदाय के धार्मिक आयोजनों पर इस तरह की सख्ती उचित नहीं है। इस विवाद ने अब केवल स्थानीय कार्रवाई का रूप नहीं लिया है, बल्कि धार्मिक स्वतंत्रता, कानून-व्यवस्था और प्रशासनिक निष्पक्षता जैसे बड़े सवाल भी उठाए हैं।

## "हद से ज्यादा नुकसान, अब बंद हो जंग": Shashi Tharoor का बड़ा बयान

पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष को लेकर कांग्रेस नेता Shashi Tharoor ने कड़ा रुख अपनाते हुए कहा है कि इस युद्ध से हो रहा नुकसान अब बर्दाश्त की सीमा से बाहर हो चुका है और इसे तुरंत रोका जाना चाहिए। उन्होंने साफ कहा कि यह टकराव अब केवल संबंधित देशों तक सीमित नहीं रहा, बल्कि इसका असर पूरी दुनिया पर पड़ रहा है। नई दिल्ली में मीडिया से बातचीत के दौरान Shashi Tharoor ने कहा कि वह हमेशा शांति के पक्षधर रहे हैं और किसी भी समस्या का समाधान युद्ध नहीं हो सकता। उन्होंने दोनों पक्षों से संयम बरतने और बातचीत के जरिए हल निकालने की अपील की। साथ ही भारत से भी इस दिशा में सक्रिय भूमिका निभाने की बात कही। थरूर ने बताया कि इस युद्ध का सीधा असर वैश्विक अर्थव्यवस्था पर पड़ रहा है। तेल और गैस की कीमतों में लगातार बढ़ोतरी हो रही है, जिससे भारत समेत कई देशों पर आर्थिक दबाव बढ़ गया है। उन्होंने कहा कि आम जनता इसकी सबसे ज्यादा कीमत चुका रही है।



युद्ध पर सख्त टिप्पणी करते हुए उन्होंने कहा कि यह एक नुकसानदेह प्रक्रिया है, जिसमें सबसे ज्यादा नुकसान निर्दोष लोगों का होता है। उन्होंने चिंता जताई कि इस संघर्ष में लगातार आम नागरिकों, खासकर बच्चों की जान जा रही है। इसके साथ ही उन्होंने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर शांति प्रयासों को तेज करने की जरूरत बताई और कहा कि अब समय आ गया है कि सभी देश मिलकर इस युद्ध को खत्म करने की दिशा में ठोस कदम उठाएं। राजनीतिक मुद्दों पर बात करते हुए Shashi Tharoor ने महिलाओं को कम टिकट दिए जाने पर भी चिंता जताई।

# Aaj Ka Rashifal 21 March

## इन चार राशि वालों की बदल जाएगी किस्मत और मिलेगा शानदार मौका,

21 March Ka Rashifal: आचार्य मानस शर्मा से जानिए चंद्र राशि पर आधारित मेष, वृषभ, मिथुन, कर्क, सिंह, कन्या, तुला, वृश्चिक, धनु, मकर, कुंभ और मीन राशि वालों के लिए 21 मार्च 2026 का राशिफल।21 मार्च 2026 को चंद्रमा मेष राशि में रहेंगे। इससे 12 राशियों पर शुभ-अशुभ प्रभाव देखने को मिल सकता है। इस दौरान कुछ जातकों को लाभ, तो कुछ की परेशानियां बढ़ सकती हैं। आइए 21 मार्च के दैनिक राशिफल को जानते हैं।



### मेष



आज का दिन आपके लिए उत्साह से भरा रहेगा। हालांकि सेहत में थोड़ा उतार-चढ़ाव बना रह सकता है, लेकिन फिर भी आप अपने कामों को पूरे जोश और आत्मविश्वास के साथ पूरा करने की कोशिश करेंगे। संतान के भविष्य को लेकर मन में कुछ चिंता रह सकती है, जिसके कारण आप किसी बड़े निवेश के बारे में भी सोच सकते हैं। कोई करीबी परिजन आपके सामने निवेश से जुड़ा कोई नया प्रस्ताव रख सकता है। हालांकि किसी बात को लेकर पिताजी के साथ हल्की-फुल्की अनबन भी हो सकती है, इसलिए बातचीत में संयम बनाए रखना बेहतर रहेगा।

### वृषभ



आज का दिन भाग्य के दृष्टिकोण से आपके लिए अच्छा साबित होगा। जीवनसाथी के साथ चल रही दूरियां कम होंगी और रिश्ते में फिर से मधुरता आएगी। आप दोनों साथ में कहीं घूमने-फिरने का भी कार्यक्रम बना सकते हैं। हालांकि माता-पिता की भावनाओं का सम्मान करना भी जरूरी रहेगा, इसलिए उनसे कोई ऐसी बात न कहें जिससे उनका मन आहत हो। दूसरों के मामलों में ज्यादा दखल देने से बचें और अपने काम पर ध्यान दें। घर में किसी अतिथि के आगमन से माहौल खुशहाल रहेगा।

### मिथुन



आज का दिन आपके लिए भागदौड़ भरा रह सकता है। हालांकि आपकी कोई मनोकामना पूरी होने से मन प्रसन्न रहेगा। काम के सिलसिले में आपको कहीं बाहर जाना पड़ सकता है। संतान की पढ़ाई को लेकर कुछ चिंता हो सकती है, ऐसे में उनके शिक्षकों से सलाह लेना फायदेमंद रहेगा। किसी भी नए काम में बिना सोच-समझे हाथ डालने से बचें, क्योंकि जल्दबाजी में लिया गया फैसला आर्थिक नुकसान दे सकता है।

### कर्क



आज का दिन आपके लिए सामान्य से बेहतर रहेगा। हालांकि आय से ज्यादा खर्च होने के कारण मन थोड़ा परेशान रह सकता है। दोस्तों और सहकर्मियों का पूरा सहयोग मिलेगा, जिससे कई काम आसान हो जाएंगे। अपनी आय बढ़ाने के नए रास्तों पर भी ध्यान देना जरूरी रहेगा। मेहनत से किए गए काम ही आपको सफलता दिलाएंगे, इसलिए दूसरों पर ज्यादा निर्भर न रहें। कुछ नए लोगों से मुलाकात होगी, लेकिन किसी अजनबी से अपनी निजी या जरूरी जानकारी साझा करने से बचें। व्यापार में बदलाव करने से पहले सोच-समझकर निर्णय

### सिंह



आज आपको लेन-देन के मामलों में विशेष सावधानी बरतने की जरूरत है। यदि ससुराल पक्ष के किसी व्यक्ति से मतभेद चल रहा था, तो वह भी दूर हो सकता है। घर में पूजा-पाठ या किसी धार्मिक आयोजन का माहौल बन सकता है। कुछ कामों को लेकर आप थोड़ा परेशान रह सकते हैं, लेकिन भाइयों का सहयोग आपको राहत देगा। परिवार के किसी सदस्य की सेहत को लेकर चिंता हो सकती है। बाहर के खान-पान से परहेज करना आपके लिए बेहतर रहेगा।

### कन्या



आज का दिन आपके लिए सामान्य लेकिन संतोषजनक रहेगा। आय में बढ़ोतरी होने से मन खुश रहेगा और आप अपने जरूरी खर्च भी आसानी से कर पाएंगे। परिवार में शांति और सौहार्द का माहौल बना रहेगा। कार्यक्षेत्र में आपके सुझाव आपके बॉस को पसंद आ सकते हैं, जिससे आपकी सराहना भी होगी। हालांकि पड़ोस में किसी बात को लेकर विवाद की स्थिति बन सकती है, इसलिए उसमें पड़ने के बजाय शांत रहना ही समझदारी होगी।

### तुला



आज का दिन आर्थिक दृष्टि से आपके लिए अच्छा साबित होगा। आप अपने अधूरे कामों को पूरा करने की कोशिश करेंगे। किसी शुभ या मांगलिक कार्यक्रम में शामिल होने का अवसर मिल सकता है। नौकरी करने वाले लोगों को किसी बड़े फैसले को लेने से पहले अच्छी तरह सोच-विचार करना होगा। विद्यार्थी पढ़ाई में अच्छा प्रदर्शन करेंगे और किसी प्रतियोगिता में भी हिस्सा ले सकते हैं। कोई विरोधी मीठी बातों में आपको फंसाने की कोशिश कर सकता है, इसलिए किसी पर जल्दी भरोसा न करें।

### वृश्चिक



आज का दिन आपके लिए सामान्य से बेहतर रहेगा। राजनीति या सामाजिक क्षेत्र से जुड़े लोगों को नई पहचान मिल सकती है और सम्मान भी प्राप्त हो सकता है। आपकी प्रतिष्ठा और साख में वृद्धि होगी। संतान आपसे किसी चीज की मांग कर सकती है, जिसे आप खुशी-खुशी पूरा करेंगे। परिवार के वरिष्ठ सदस्यों के साथ बैठकर आप कुछ महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा कर सकते हैं और किसी भी समस्या का समाधान मिल-बैठकर निकालने की कोशिश करेंगे।

### धनु



आज आय में बढ़ोतरी होने से आपका मन प्रसन्न रहेगा। आप किसी मनोरंजन कार्यक्रम में शामिल हो सकते हैं और परिवार के साथ अच्छा समय बिताएंगे। यदि किसी जरूरतमंद की मदद करने का अवसर मिले, तो पीछे न हटें। विद्यार्थियों को पढ़ाई में लापरवाही से बचना होगा, वरना आगे चलकर उन्हें अधिक मेहनत करनी पड़ सकती है। आज आपको किसी पुराने मित्र की याद भी आ सकती है। यदि किसी बात को लेकर मतभेद की स्थिति बने, तो शांत रहना ही बेहतर रहेगा।

### मकर



आज का दिन आपके लिए सामान्य लेकिन प्रगति देने वाला रहेगा। यदि आपका कोई सरकारी काम लंबे समय से अटका हुआ था, तो उसके पूरे होने की संभावना है। आपके नए प्रयास भी अच्छे परिणाम दे सकते हैं। आप अपने अटके हुए धन को वापस पाने की कोशिश करेंगे और इसमें सफलता भी मिल सकती है। खर्चों पर नियंत्रण रखने के लिए बजट बनाकर चलना जरूरी रहेगा। विदेश से जुड़े व्यापार करने वालों को कोई अच्छी खबर मिल सकती है।

### कुंभ



आज का दिन आपके लिए सकारात्मक परिणाम लेकर आएगा। आपको अपनी आय और खर्च के बीच संतुलन बनाकर चलना होगा। छोटे बच्चों के लिए आप कोई उपहार या जरूरी सामान खरीद सकते हैं। व्यापार में अच्छे लाभ मिलने के संकेत हैं। यदि आप किसी निवेश के बारे में सोच रहे हैं, तो विशेषज्ञ की सलाह लेना बेहतर रहेगा। राजनीति से जुड़े लोगों को कोई नया पद या जिम्मेदारी मिल सकती है, जिससे उनका मन प्रसन्न रहेगा। आपकी शौक-मौज की चीजों में भी बढ़ोतरी हो सकती है।

### मीन



आज का दिन आपके लिए लाभदायक रहने वाला है। प्रॉपर्टी से जुड़े नए अवसर आपके सामने आ सकते हैं, जो भविष्य में अच्छा लाभ दे सकते हैं। भाई-बहनों का सहयोग भी आपको पूरा मिलेगा। जीवनसाथी की भावनाओं का सम्मान करना जरूरी रहेगा और आपको घर और बाहर दोनों जिम्मेदारियों के बीच संतुलन बनाकर चलना होगा। पार्टनरशिप में कोई नया काम शुरू करने की योजना भी बन सकती है, जो आपके लिए लाभदायक साबित होगी।

# ईद पर मथुरा में बवाल

## फरसा वाले बाबा' की हत्या का आरोप, हाईवे पर पथराव; एसडीएम और पुलिस की गाड़ी तोड़ी

ब्रज के प्रसिद्ध गौ-सेवक चंद्रशेखर उर्फ 'फरसा वाले बाबा' की मौत हो गई। आरोप है कि गौ-तस्करों ने गाड़ी से कुचलकर उनकी हत्या कर दी। घटना से क्षेत्र में भारी आक्रोश फैल गया। पुलिस ने आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए नाकाबंदी कर दी है।कान्हा की नगरी ब्रज में ईद वाले दिन बवाल मच गया। आरोप है कि मथुरा के थाना कोसीकलां के अंतर्गत कोटवन चौकी क्षेत्र के नवीपुर में बीती रात गौ-तस्करों ने विख्यात गौ-सेवक चंद्रशेखर, जिन्हें क्षेत्र में 'फरसा वाले बाबा' के नाम से जाना जाता था, की गाड़ी से कुचलकर हत्या कर दी। घटना के बाद पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई है और तनावपूर्ण स्थिति बनी हुई है। इस दौरान आगरा-दिल्ली हाईवे जाम कर दिया गया। आक्रोशित भीड़ ने हाईवे पर पथराव कर दिया।





कान्हा की नगरी ब्रज में ईद वाले दिन बवाल मच गया। आरोप है कि मथुरा के थाना कोसीकलां के अंतर्गत कोटवन चौकी क्षेत्र के नवीपुर में बीती रात गौ-तस्करों ने विख्यात गौ-सेवक चंद्रशेखर, जिन्हें क्षेत्र में 'फरसा वाले बाबा' के नाम से जाना जाता था, की गाड़ी से कुचलकर हत्या कर दी। घटना के बाद पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई है और तनावपूर्ण स्थिति बनी हुई है। इस दौरान आगरा-दिल्ली हाईवे जाम कर दिया गया। आक्रोशित भीड़ ने हाईवे पर पथराव कर दिया।

# दिल्ली-NCR में छाया कोहरा

## Delhi NCR Weather Update Today: दिल्ली-एनसीआर में बारिश के बाद शनिवार को सर्दी और कोहरा रहा। मार्च के बीच में लोगों को सर्दी का अहसास हो रहा है।



दिल्ली-एनसीआर में बारिश के बाद शनिवार सुबह कई इलाकों में कोहरा नजर आया। जिसने लोगों को गर्म कपड़े निकालने के लिए मजबूर कर दिया। मार्च के बीच में लोगों को सर्दी का अहसास हो रहा है। प्रादेशिक मौसम केंद्र नई दिल्ली के मुताबिक, नई दिल्ली में आज सुबह 5.30 बजे 14 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज किया गया। वहीं शुक्रवार तक लगातार तीन दिन से हो रही बारिश के कारण यह बीते दो साल में ज्यादा बारिश रिकॉर्ड की गई है। 20 मार्च (शुक्रवार) तक 16.2 मिमी बारिश हो चुकी है जबकि वर्ष 2025 में पूरे माह दो मिमी दर्ज की गई थी।मौसम विभाग के अनुसार शुक्रवार को अधिकतम तापमान सामान्य से 9.6 डिग्री कम 21.7 डिग्री सेल्सियस जबकि न्यूनतम तापमान सामान्य से 0.5 डिग्री कम 16.0 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। इस तरह से यह इस मार्च का सबसे ठंडा दिन रहा। मौसम विभाग के अनुसार पश्चिमी विक्षोभ के असर से यह बदलाव देखने को मिला है। हालांकि शनिवार और रविवार को आंशिक बादल छाने की उम्मीद है।दिल्ली में हुई बारिश के चलते शुक्रवार को बीते पांच महीने बाद हवा संतोषजनक श्रेणी में पहुंची है। ऐसे में इस सीजन की सबसे साफ हवा रही। इस दौरान वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 93 दर्ज किया गया। इसमें बृहस्पतिवार की तुलना में 44 सूचकांक की गिरावट दर्ज की गई। एनसीआर में फरीदाबाद की हवा सबसे अधिक प्रदूषित रही यहां

# 200 करोड़ क्लब में शामिल धुरंधर 2



'फिल्म 'धुरंधर 2' को लेकर अच्छा-खास क्रेज देखा गया। दूसरे दिन भी इस फिल्म ने बढ़िया कमाई की है। फिल्म ने 200 करोड़ क्लब में भी एंट्री मार ली है। साथ ही कई फिल्मों के दूसरे दिन के कलेक्शन को भी पार किया है ।

वर्ल्डवाइड भी कई फिल्मों से आगे 'धुरंधर 2' निकल गई है। जानिए 'धुरंधर 2' और इसके साथ ही रिलीज हुई फिल्म 'उस्ताद भगत सिंह' का दूसरे का दिन का कलेक्शन? ओपनिंग डे पर फिल्म 'धुरंधर 2' ने 102.55 करोड़ रुपये कमाए थे। सैकनिल्क के अनुसार इस फिल्म ने दूसरे दिन 80.72 करोड़ रुपये कमाए हैं। फिल्म का कुल कलेक्शन भी 226.27 करोड़ रुपये हो चुका है। रणवीर सिंह की फिल्म ने दूसरे दिन ही 200 करोड़ क्लब में ही एंट्री ली है। यह फिल्म रणवीर सिंह के करियर की सबसे बड़ी हिट बन चुकी है। धुरंधर 2' के वर्ल्डवाइड कलेक्शन की बात करें तो इसने 240 करोड़ रुपये की कमाई की है। रणवीर की फिल्म वर्ल्डवाइड कलेक्शन की लिस्ट में तीसरे नंबर पर आ चुकी है। इसने प्रभास की इसी साल रिलीज हुई फिल्म 'राजा साहब' के लाइफटाइम वर्ल्डवाइड कलेक्शन को पार कर दिया है। 'राजा साहब' का वर्ल्डवाइड कलेक्शन 208.38 करोड़ रुपये था।

# दीपिका पादुकोण ने लिया ऋषभ शर्मा के कॉन्सर्ट का आनंद



सोशल मीडिया पर दीपिका पादुकोण के ऋषभ शर्मा के मुंबई कॉन्सर्ट में पहुंचने के कई वीडियोज वायरल हैं। इन वीडियोज में दीपिका अपनी सास अंजू भवनानी और भाभी रितिका भवनानी के साथ बैठी नजर आ रही हैं। वीडियोज में दीपिका कॉन्सर्ट का आनंद लेती दिख रही हैं।इस दौरान दीपिका ऋषभ शर्मा के संगीत पर झूमती नजर आ रही हैं। एक अन्य वीडियो में, दीपिका अपने परिवार के सदस्यों के बगल में बैठी किसी व्यक्ति से बात करती हुई दिखाई दीं। इस कार्यक्रम के लिए दीपिका ने लाल, सुनहरे और काले रंग का सूट पहना था। उन्होंने अपने बालों का जूड़ा बनाया हुआ था। कार्यक्रम में दीपिका के साथ सास और ननद तो नजर आईं, लेकिन पति रणवीर सिंह इस दौरान साथ नहीं दिखे।

# जन्नत जुबैर और अली गोनी ने मनाया ईद का जश्न




ईद के इस खास मौके पर बॉलीवुड के सिलेब्रिटी और टीवी कलाकारों ने बधाई दी है। उन्होंने अपने सोशल मीडिया पर फोटो शेयर कर ईद मुबारक लिखा। साथ ही कुछ सेलेब्स ने ईद मनाते हुए तस्वीरें भी शेयर की। आइए देखते हैं सेलेब्स के लिए इस साल की ईद कितनी खास रही। एक्ट्रेस मलाइका अरोड़ा ने भी अपने इंस्टाग्राम पर स्टोरी शेयर कर सबको ईद की शुभकामनाएं दी। उन्होंने ईद मुबारक की एक फोटो शेयर की, जिसमें सबकी खुशहाली की कामना की गई है। एक्टर जीशान कादरी ने भी अपने परिवार के साथ ईन मनाई। उन्होंने इंस्टाग्राम पर फोटो शेयर कर लिखा, 'ईद खुशियां मनाने और दिल खोलकर हंसने का दिन है। यह दिन अल्लाह का शुक्र अदा करने का है, उनकी उन तमाम नेमतों के लिए जो उन्होंने हम पर बरसाई हैं। ईद मुबारक' एक्ट्रेस जन्नत जुबैर, जो बीते कुछ दिनों से सुर्खियों में हैं, उन्होंने भी सोशल मीडिया पर तस्वीर शेयर कर ईद की मुबारकबाद दी है।टीवी एक्टर अली गोनी ने फोटो शेयर कर सभी को ईद की बधाई दी है।

# क्या कपूर साहब के लड़के को डेट कर रही हैं पूजा हेगड़े?



आज पूजा का एक वीडियो सामने आया है, जिसमें वह एक अभिनेता के साथ नजर आ रही हैं। सोशल मीडिया पर पूजा का यह वीडियो आते ही मिनटों में वायरल हो गया। उनके कई फैंस उनसे डेटिंग को लेकर सवाल कर रहे हैं।पूजा हेगड़े का एक वीडियो सोशल मीडिया पर फैंस के बीच चर्चा का विषय बन चुका है। इस वीडियो में पूजा अभिनेता अनिल कपूर के बेटे हर्षवर्धन कपूर के साथ नजर आ रही हैं। लेकिन जैसे ही पैपराजी उन दोनों को एक साथ कैमरे में कैद करने की कोशिश करते हैं। दोनों तुरंत अलग-अलग दिशा में चले जाते हैं।'जन नायकन' एक तमिल राजनीतिक एक्शन थ्रिलर फिल्म है। इसका निर्देशन एच. विनोद कर रहे हैं। इसका निर्माण के वीएन प्रोडक्शंस के तहत किया जा रहा है।

# गुलशन कुमार की बेटी खुशाली कुमार इस सीरीज में आएंगी नजर



गुलशन कुमार की बेटी खुशाली कुमार अब जल्द ही एक वेब सीरीज में नजर आने वाली हैं। यह खुशहाली का ओटीटी डेब्यू होगा।फिल्म 'घुड़चड़ी' में रवीना टंडन और संजय दत्त के साथ अभिनय कर चुकीं खुशाली कुमार अब फिल्मों के बाद जल्द ही ओटीटी पर अपना डेब्यू करने वाली हैं। यह सीरीज का दूसरा भाग होगा, जो ओटीटी प्लेटफॉर्म पर स्ट्रीम होगा।फैशन और म्यूजिक वीडियो से शुरुआत करने वाली खुशाली अब फिल्मों और वेब सीरीज पर ज्यादा ध्यान दे रही हैं। खुशाली कुमार वेब सीरीज 'सपने vs एवरीवन' के सीजन 2 में नजर आएंगी। इस सीरीज में खुशाली 'तृप्ती' नाम की लड़की की भूमिका में नजर आएंगी। इस सीरीज को लेकर खुशाली काफी उत्साहित हैं।हाल ही में मुंबई में एक इवेंट में खुशाली ने इस प्रोजेक्ट के बारे में बात की। उन्होंने कहा कि यह उनके लिए सपने सच होने जैसा लग रहा है। पहली बार ओटीटी पर काम करना उनके लिए बहुत खास और भावुक अनुभव है।खुशाली कुमार कई फिल्मों में अभिनय कर चुकी हैं। उन्हें आखिरी बार संजय दत्त और रवीना टंडन की फिल्म 'घुड़चढ़ी' में देखा गया था। इसके अलावा वह 'धोखा: राउंड डी कॉर्नर', 'स्टारफिश',, 'डेढ़ बीघा जमीन' जैसी फिल्मों में नजर आ चुकी हैं। इसके अलवा, उन्होंने टी-सीरीज के कई लोकप्रिय संगीत वीडियो जैसे 'मैनु इश्क दा', 'हाईवे स्टार', और 'रात कमाल है' में भी काम किया है।

# अनन्या पांडे ने पैपराजी को धमकाया



अनन्या पांडे का एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से फैंस के बीच काफी वायरल हो रहा है। इस वीडियो में अनन्या व्हाइट शर्ट के साथ ब्लैक पेंट में किसी मॉल में नजर आ रही हैं। लेकिन जब अनन्या की नजर पैपराजी पर पड़ती हैं तो वह उन्हें प्यार से धमकाती हैं और कहती हैं, 'तुम्हें एक बार और देखूंगी तो 'धुरंधर 3' बन जाएगी।' बस इतना बोलने के बाद वहां पर मौजूद सभी आस पास के लोग अनन्या की बातों पर हंसने लग जाते हैं। अनन्या के इस वीडियो पर उनके कई फैंस ने लाल दिल वाला और फायर इमोजी बनाया है।



# Oil Import

## भारत में फिर बढ़ेगा रूसी तेल का आयात, इराक बना सबसे बड़ा आपूर्तिकर्ता; कहां जाएंगे क्रूड के दाम?

सऊदी अरब के अधिकारियों का अनुमान है कि अगर ईरान युद्ध और उससे पैदा हुई ऊर्जा संकट की स्थिति अप्रैल के अंत तक जारी रहती है, तो कच्चे तेल की कीमत 180 डॉलर प्रति बैरल से ऊपर जा सकती है। रिपोर्ट के अनुसार, युद्ध की वजह से तेल की सप्लाई प्रभावित हो रही है। खासतौर पर पश्चिम एशिया में तनाव बढ़ने से वैश्विक बाजार में अनिश्चितता बढ़ गई है।भारत के तेल आयात में बड़ा बदलाव देखने को मिला है। फरवरी महीने में रूस को पीछे छोड़ते हुए इराक भारत का सबसे बड़ा तेल सप्लायर बन गया। हालांकि, विशेषज्ञों का मानना है कि मार्च में रूस फिर से पहले स्थान पर आ सकता है। फरवरी में रूस से तेल आयात में 32 फीसद की गिरावट आई। आयात घटकर करीब 10 लाख बैरल प्रतिदिन रह गया।वहीं इराक से आयात बढ़कर 11.8 लाख बैरल प्रति दिन पहुंच गया। सऊदी अरब से भी आयात बढ़कर करीब 9.98 लाख बैरल प्रति दिन हो गया। इस दौरान भारत के कुल तेल आयात में मध्य पूर्व की हिस्सेदारी बढ़कर 59 फीसद हो गई। फरवरी में ब्राजील भारत का चौथा सबसे बड़ा तेल सप्लायर बनकर उभरा। वैश्विक तनाव और सप्लाई में बदलाव के बीच भारत अपनी ऊर्जा जरूरतों को पूरा करने के लिए अलग-अलग देशों से तेल खरीदने की रणनीति अपना रहा है। इसमें रूस की भूमिका फिर से मजबूत होती दिख रही है।पश्चिम एशिया में तनाव और होर्मुज जलसंधि में बाधा के कारण सप्लाई प्रभावित हुई है। इसके बाद भारत फिर से रूस से ज्यादा तेल खरीदने लगा है। मार्च में रूस से तेल आयात बढ़कर 18 से 22 लाख बैरल प्रति दिन तक पहुंच सकता है। इसके पीछे अमेरिकी फैसले की भी अहम भूमिका है। अमेरिका ने 6 मार्च को भारत के लिए रूसी तेल पर कुछ प्रतिबंधों में छूट दी। इससे आयात बढ़ने में मदद मिली। विशेषज्ञों का कहना है कि सस्ती कीमत और स्थिर सप्लाई के कारण रूस भारत की तेल आयात रणनीति में अब भी महत्वपूर्ण बना हुआ है।सऊदी अरब के अधिकारियों का अनुमान है कि अगर ईरान युद्ध और उससे पैदा हुई ऊर्जा संकट की स्थिति अप्रैल के अंत तक जारी रहती है, तो कच्चे तेल की कीमत 180 डॉलर प्रति बैरल से ऊपर जा सकती है। यह जानकारी द वॉल स्ट्रीट जर्नल की एक रिपोर्ट में सामने आई है। रिपोर्ट के अनुसार, युद्ध की वजह से तेल की सप्लाई प्रभावित हो रही है। खासतौर पर मध्य पूर्व में तनाव बढ़ने से वैश्विक बाजार में अनिश्चितता बढ़ गई है। सऊदी अरब के ये अनुमान रियाद में बढ़ती चिंता को उजागर करते हैं।

# Trade: चीन के साथ भारत का व्यापार

## घाटा पहली बार 9.5 लाख करोड़ रुपये के करीब, आसान भाषा में समझिए इसका कारण



भारत और चीन के बीच व्यापार घाटा पहली बार 102 अरब डॉलर के पर यानी भारतीय मुद्रा में करीब 9,42,492 रुपये पर पहुंच गया है। स्मार्टफोन निर्यात, घटते आयात नियम और एफडीआई नीति में बदलाव के आर्थिक मायने क्या हैं? सब कुछ आसान भाषा में समझने के लिए पढ़ें।भारत का निर्यात भले ही हाल के महीनों में अच्छी वृद्धि दर्ज कर रहा हो, लेकिन चीन के साथ व्यापार घाटे ने एक नया और चिंताजनक रिकॉर्ड बना दिया है। चालू वित्त वर्ष खत्म होने में अभी एक महीना बाकी होने के बावजूद, अप्रैल-फरवरी की अवधि के दौरान यह घाटा पहली बार 100 अरब डॉलर के ऐतिहासिक आंकड़े को पार कर गया है। आइए सवाल-जवाब के जरिए समझते हैं, इस आंकड़े के क्या मायने हैं और इसका आर्थिक प्रभाव क्या होगा?वाणिज्य विभाग की ओर से जारी हालिया आंकड़ों के अनुसार, अप्रैल-फरवरी के दौरान चीन के साथ व्यापार घाटा 102 अरब डॉलर (करीब 9,42,492 करोड़ रुपये) हो गया है, जो पिछले साल इसी अवधि में 91.1 अरब डॉलर (करीब 8,41,775 करोड़ रुपये) था। पूरे पिछले वित्त वर्ष के लिए भारत का व्यापार घाटा 100 अरब डॉलर से थोड़ा ही कम था। आपको बता दें कि अमेरिका के बाद, चीन के साथ सबसे ज्यादा व्यापार घाटा भारत का ही है, जिसके बाद वियतनाम का नंबर आता है।हां, निर्यात के मोर्चे पर मजबूत वृद्धि देखी गई है। अप्रैल-फरवरी के दौरान भारत के निर्यात में लगभग 38% की शानदार वृद्धि दर्ज की गई है, जिससे यह 17.5 अरब डॉलर तक पहुंच गया है। हालांकि, आयात का आधार इतना बड़ा है कि इसमें महज 15% की वृद्धि होने से कुल आयात लगभग 120 अरब डॉलर तक जा पहुंचा, जिसने घाटे की इस खाई को और चौड़ा कर दिया है।भारत ने सस्ते और खराब गुणवत्ता वाले आयात को रोकने के लिए कई कड़े मानक तय किए हैं, लेकिन देश की विनिर्माण गतिविधियों को सुचारू रूप से चलाने के लिए उद्योग अब भी भारी रूप से चीन पर निर्भर हैं। भारतीय अर्थव्यवस्था मुख्य रूप से इलेक्ट्रॉनिक से जुड़े सामान, भारी मशीनरी, रसायन और दवाओं से जुड़ी सामग्री (Pharma Ingredients) जैसी आवश्यक चीजों के लिए चीन पर आश्रित है।एक तरफ भारत अपनी विनिर्माण जरूरतों के लिए बड़े पैमाने पर चीन के कच्चे पर निर्भर है, वहीं दूसरी तरफ चीन ने अपने देश में संरक्षणवादी नीतियां अपनाई हुई हैं। कई अपीलों के बावजूद, चीन कड़े निरीक्षण और मानकों का हवाला देकर भारतीय उत्पादों की अपने बाजार में एंट्री को प्रतिबंधित करता है, जिससे व्यापार एकतरफा हो गया है।जी हां, भारत सरकार की ओर से निवेश के मोर्चे पर भी एक नीतिगत कदम उठाया गया है।

# Gold-Silver Price

## सर्राफा बाजार में दिखी गिरावट; चांदी ₹2430 तक टूटी, सोना ₹990 सस्ता



पश्चिम एशिया में जारी तनाव से सोने-चांदी की कीमतों में गिरावट देखने को मिला। चांदी 2430 रुपये सस्ती हुई, वहीं सोना 1.52 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंचा।पश्चिम एशिया में जारी तनाव के बीच गुरुवार को सोने और चांदी की कीमतों में गिरावट देखने को मिली। चांदी की कीमत 2340 रुपये गिरकर 2.45 लाख रुपये प्रति किलो पर पहुंच गई। वहीं सोने का भाव 990 रुपये गिरकर 1.52 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम पर आ गया।मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (MCX) पर बुलियन बाजार दबाव में नजर आया। मजबूत अमेरिकी डॉलर और वैश्विक अनिश्चितताओं के बीच सोना और चांदी दोनों में गिरावट दर्ज की गई। एमसीक्स पर 24 कैरेट सोना 0.57% टूटकर 1,52,150 रुपये प्रति 10 ग्राम पर कारोबार करता दिखा, जबकि चांदी 1.21% गिरकर 2,45,197 रुपये प्रति किलोग्राम पर पहुंच गई।विशेषज्ञों के मुताबिक, अमेरिका-ईरान तनाव और पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के कारण कच्चे तेल की कीमतों में तेजी आई है, जिससे डॉलर मजबूत हुआ और इसका सीधा दबाव सोने-चांदी पर पड़ा। अमेरिकी फेडरल रिजर्व के ताजा मौद्रिक नीति फैसले का भी असर बाजार पर देखने को मिला। फेड ने लगातार दूसरी बैठक में ब्याज दरों को 3.5% से 3.75% के दायरे में स्थिर रखा है। इससे पहले 2025 में सितंबर, अक्तूबर और दिसंबर में 0.25% की कटौती की गई थी। बाजार की नजर फेड चेयर जेरोम पॉवेल की टिप्पणियों पर भी रही।अंतरराष्ट्रीय बाजार में भी कमजोरी देखने को मिली। स्पॉट गोल्ड 1.22% गिरकर 4,836 डॉलर प्रति औंस पर पहुंच गया, जबकि स्पॉट सिल्वर 2.25% से ज्यादा टूटकर 75.75 डॉलर प्रति औंस पर कारोबार करता दिखा। मार्च महीने में अब तक सोने की कीमतों में करीब 4% और चांदी में लगभग 16% की गिरावट आ चुकी है, जिससे निवेशकों की धारणा फिलहाल कमजोर बनी हुई है।

## अतनु चक्रवर्ती ने छोड़ा पार्ट-टाइम चेयरमैन पद बैंक के तौर-तरीकों पर कड़ी टिप्पणी




घटनाक्रम देखे, वे उनके सिद्धांतों से मेल नहीं खाते, इसलिए उन्होंने तत्काल प्रभाव से पद छोड़ने का फैसला किया। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि उनके इस्तीफे के पीछे कोई अन्य कारण नहीं है। हालांकि उन्होंने अपने पत्र में किसी खास मुद्दे का उल्लेख नहीं किया, लेकिन गवर्नेंस और आंतरिक प्रक्रियाओं को लेकर उनकी टिप्पणी बैंक के कामकाज पर सवाल खड़े कर सकती है।अपने पत्र में चक्रवर्ती ने बोर्ड और प्रबंधन का सहयोग के लिए धन्यवाद दिया और बैंक के मिडिल व जूनियर स्तर के कर्मचारियों की ऊर्जा और क्षमता की सराहना की। उन्होंने कहा कि यही टीम भविष्य में एक नए और बेहतर संगठन की नींव रख सकती है।चक्रवर्ती मई 2021 में बैंक के बोर्ड में शामिल हुए थे और उनके कार्यकाल के दौरान एचडीएफसी लिमिटेड के साथ बैंक का ऐतिहासिक विलय हुआ। इस विलय के बाद एचडीएफसी बैंक देश का दूसरा सबसे बड़ा कर्जदाता बनकर उभरा, हालांकि उन्होंने यह भी संकेत दिया कि इस एकीकरण के पूरे लाभ अभी सामने आने बाकी हैं।

# BCCI: जून में आयरलैंड दौरे पर जाएगी भारतीय टीम

## खेलेगी दो मैचों की टी20 सीरीज; बीसीसीआई ने जारी किया कार्यक्रम



भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने आयरलैंड दौरे का कार्यक्रम घोषित कर दिया है। भारतीय टीम इस साल जून में आयरलैंड के खिलाफ दो मैचों की टी20 सीरीज खेलेगी। भारतीय पुरुष टीम इस साल जून में आयरलैंड का दौरा करेगी। इस दौरान टीम आयरलैंड के खिलाफ दो मैचों की टी20 सीरीज खेलेगी। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने इस सीरीज का कार्यक्रम शनिवार को घोषित कर दिया है। इससे पहले भारत 2018, 2022 और 2023 में भी आयरलैंड का दौरा कर चुका है। यानी आठ साल में कुल तीन बार टीम आयरलैंड दौरे पर गई है। सीरीज के दोनों मुकाबले बेलफास्ट में होंगे। बीसीसीआई ने बताया कि 2007 के बाद पहली बार होगा जब भारत बेलफास्ट में मुकाबले खेलेगा। भारत और आयरलैंड के बीच पहला टी20 26 जून और दूसरा टी20 28 जून 2026 को खेला जाएगा। भारतीय समयानुसार मैच शाम साढ़े सात बजे से शुरू होंगे। आईपीएल 2026 के बाद भारतीय टीम जून में अफगानिस्तान के खिलाफ एक टेस्ट और तीन मैचों की वनडे सीरीज खेलेगी। इसके बाद टीम पांच टी20 और तीन वनडे मैचों की सीरीज के लिए इंग्लैंड दौरे पर जाएगी। यह दौरान एक से 19 जुलाई तक होगा। वेस्ट ने कहा था, टी20 विश्व कप 2028 का क्वालिफिकेशन पक्का है, इसलिए पॉल स्टर्लिंग ने टी20 कप्तान का पद छोड़ने का फैसला लिया है। इससे नए कप्तान को अपनी शैली और नीति के तहत चलने का मौका मिलेगा जिसकी शुरुआत जून में भारत के खिलाफ होने वाली सीरीज से होगी।

# IPL पर चोटों का साया: फ्रेंचाइजी का बिगड़ा समीकरण

## दो टीमें सबसे ज्यादा प्रभावित; 4 खिलाड़ी पूरे सत्र से बाहर



आईपीएल 2026 की शुरुआत से पहले ही खिलाड़ियों की चोटों ने फ्रेंचाइजी की चिंताएं बढ़ा दी हैं। केकेआर हो या सनराइजर्स हैदराबाद, लगभग हर टीम में कोई ना कोई खिलाड़ी चोटिल है जिस कारण टीमों का संयोजन बिगड़ रहा है। खिलाड़ियों की चोटों ने आईपीएल टीमों की चिंता बढ़ा दी है। 28 मार्च से शुरू होने वाले टूर्नामेंट से पहले हर्षित राणा और सैम करन समेत चार खिलाड़ी पूरे सत्र से बाहर हो गए हैं, जबकि 11 खिलाड़ी शुरुआती मैचों में नहीं खेलेंगे। इनमें ज्यादातर विदेशी खिलाड़ी हैं। चोटिल खिलाड़ियों में तेज गेंदबाज और ऑलराउंडर की संख्या अधिक है। चोटों का असर सबसे ज्यादा ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ियों पर है। इनमें सनराइजर्स हैदराबाद के कप्तान पैट कमिंस पहले दौर के मैचों में नहीं खेलेंगे। उनकी जगह ईशान किशन को कप्तानी सौंपी गई है। दिल्ली कैपिटल्स के मिचेल स्टार्क और चैंपियन रॉयल चैलेंजर्स बंगलूरू (आरसीबी) के जोश हेजलवुड का टूर्नामेंट के शुरुआती दौर में खेलना संदिग्ध है। चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज नाथन एलिस पूरे टूर्नामेंट से और ऑलराउंडर मैथ्यू शॉर्ट शुरुआती मैचों से बाहर हो गए हैं। राजस्थान रॉयल्स के लिए शुक्रवार को निराशाजनक खबर आई, जब उसके तेज गेंदबाज ऑलराउंडर सैम करन चोट की वजह से पूरे टूर्नामेंट से बाहर हो गए। पंजाब किंग्स और चेन्नई के लिए खेल चुके 27 वर्ष के करन को आईपीएल 2023 सत्र में पंजाब ने उन्हें 18.5 करोड़ रुपये में लिया था लेकिन चोट के कारण वह बाहर ही रहे।

# IPL 2026: चार बल्लेबाजों के नाम एक आईपीएल सीजन में 800+ रन बनाने का रिकॉर्ड, लिस्ट में दो भारतीय शामिल




आईपीएल 2026 का सीजन शुरू होने में अब ज्यादा समय शेष नहीं रह गया है। प्रशंसकों को एक बार फिर से टूर्नामेंट में बड़े स्कोर देखने की उम्मीद है। इस टूर्नामेंट के इतिहास में चार ही बल्लेबाज ऐसे हैं, जिन्होंने एक सीजन में 800 से ज्यादा रन बनाए हैं। आईपीएल के बीते 18 सीजन में खिलाड़ियों ने कई रिकॉर्ड्स बनाए और तोड़े हैं। इस दौरान बल्लेबाजों ने जमकर चौके और छक्कों की बरसात करते हुए फैंस का खूब मनोरंजन किया। आइए, आईपीएल इतिहास के उन चार खिलाड़ियों के बारे में जानते हैं, जिन्होंने एक ही सीजन में 800 से ज्यादा रन कूटे।

**विराट कोहली:** इस बल्लेबाज ने अब तक सभी 18 सीजन रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) की ओर से खेले हैं। कोहली ने आईपीएल 2016 में 16 मैच खेलते हुए 81.08 की औसत के साथ कुल 973 रन बनाए थे। इस दौरान उन्होंने चार शतक और सात अर्धशतक लगाए। कोहली एक आईपीएल सीजन में सर्वाधिक शतक लगाने वाले बल्लेबाजों की सूची में संयुक्त रूप से नंबर-1 हैं। उन्होंने आईपीएल 2016 में 38 छक्के और 83 चौके लगाए थे। विराट कोहली आईपीएल इतिहास में सर्वाधिक रन बनाने वाले बल्लेबाज हैं। कोहली ने साल 2008 से अब तक कुल 267 आईपीएल मैच खेले, जिसमें 39.54 की औसत से 8,661 रन बनाए। कोहली सर्वाधिक आठ आईपीएल शतक लगाने वाले खिलाड़ी भी हैं। इस लीग में उनके बल्ले से कुल 291 छक्के और 771 चौके निकले हैं। गुजरात टाइटंस की ओर से खेलते हुए गिल ने आईपीएल 2023 में 17 मैच खेले, जिसमें 59.33 की औसत के साथ 890 रन बनाए। इस दौरान गिल ने तीन बार शतकीय पारियां खेलीं। गिल ने उस सीजन 33 छक्के और 85 चौके लगाए थे। आईपीएल 2022 में राजस्थान रॉयल्स की तरफ से 17 मैच खेलते हुए बटलर ने 57.53 की औसत के साथ कुल 863 रन बनाए। इस दौरान उनके बल्ले से चार शतक और इतने ही अर्धशतक निकले।

# अब होगा कमबैक!: शराब को कहा अलविदा फिटनेस पर ध्यान दे रहे युजवेंद्र चहल; PBKS को चैंपियन बनाने की तैयारी



युजवेंद्र चहल ने आईपीएल 2026 से पहले फिटनेस सुधारने और बेहतर प्रदर्शन के लिए शराब छोड़ दी है और पिछले छह महीनों से इससे दूर हैं। भारतीय क्रिकेटर युजवेंद्र चहल ने आईपीएल 2026 से पहले अपनी फिटनेस और प्रदर्शन को बेहतर बनाने के लिए बड़ा फैसला लिया है। उन्होंने शराब पीना पूरी तरह से छोड़ दिया है और पिछले छह महीनों से इससे दूर हैं। यह खुलासा उन्होंने पूर्व दक्षिण अफ्रीकी दिग्गज एबी डिविलियर्स के साथ एक पॉडकास्ट में किया। चहल इस बार आईपीएल 2026 में पंजाब किंग्स की ओर से खेलेंगे। उन्होंने कहा कि अब उनकी उम्र 35 साल हो चुकी है, इसलिए वह अपनी फिटनेस को लेकर और ज्यादा सजग हो गए हैं। चहल ने कहा, 'मैंने शराब पीना बंद कर दिया है। अब मैं अपनी टीम के लिए 150% देना चाहता हूं और एक सीनियर खिलाड़ी के तौर पर युवाओं के लिए उदाहरण बनना चाहता हूं।'आईपीएल 2025 में चहल का प्रदर्शन ठीक-ठाक रहा था। 14 मैचों में उन्होंने 16 विकेट लिए। टीम फाइनल तक भी पहुंची, लेकिन रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के हाथों उसे करारी शिकस्त मिली। चहल ने बताया कि 2025 सीजन में चोटों ने उनके प्रदर्शन को काफी प्रभावित किया। केकेआर के खिलाफ मैच के बाद उनकी पसलियों में फ्रैक्चर हुआ। बाद में उंगली में चोट लगी। इन चोटों की वजह से वह सेमीफाइनल और फाइनल में अपनी पूरी क्षमता से गेंदबाजी नहीं कर पाए। उन्होंने कहा, 'मैं खुद से निराश था। इस बार मेरा फोकस सबसे पहले अपने शरीर का ख्याल रखना है।' चहल का लक्ष्य इस बार सिर्फ अच्छा प्रदर्शन करना ही नहीं, बल्कि पंजाब किंग्स को पहला आईपीएल खिताब दिलाना भी है। इसके अलावा वह टीम इंडिया में वापसी करना चाहते हैं। उन्होंने आखिरी अंतरराष्ट्रीय मैच 2023 में खेला था।

# Gudi Padwa: सचिन-हरभजन से लेकर सूर्यकुमार-लक्ष्मण और रहाणे तक दिग्गज क्रिकेटरों ने दी गुड़ी पड़वा की बधाई



आज यानी 19 मार्च 2026 को गुड़ी पड़वा का पर्व मनाया जा रहा है। गुड़ी पड़वा महाराष्ट्र का प्रमुख त्योहार है, जो हिंदू नववर्ष की शुरुआत का प्रतीक माना जाता है। भारतीय क्रिकेट टीम के दिग्गज बल्लेबाज रहे सचिन तेंदुलकर, हाल ही में भारत को अपनी कप्तानी में टी20 विश्व कप जिताने वाले सूर्यकुमार यादव, पूर्व स्पिनर हरभजन सिंह, बीसीसीआई के क्रिकेट ऑफ एक्सिलेंस के प्रमुख और पूर्व बल्लेबाज वीवीएस लक्ष्मण, पूर्व स्पिनर अनिल कुंबले और अजिंक्य रहाणे ने सोशल मीडिया के माध्यम से देशवासियों को 'गुड़ी पड़वा' और 'उगादी' की बधाई दी है। सचिन तेंदुलकर ने अपने एक्स अकाउंट पर लिखा, 'आपको और आपके परिवार को गुड़ी पड़वा और मराठी नए साल की बहुत-बहुत शुभकामनाएं। यह नया साल खुशी, आनंद और समृद्धि लाए, यही मेरी दिल से प्रार्थना है।' सूर्यकुमार यादव ने लिखा, 'नए सपनों के साथ नई शुरुआत का स्वागत करें। सभी को गुड़ी पड़वा की बहुत-बहुत शुभकामनाएं।'हरभजन सिंह ने एक्स पर लिखा, 'नया साल, नई ऊर्जा, एक जुड़ाव। हम जुड़े हुए हैं, स्वास्थ्य से, परंपरा से, आपसे। हैप्पी उगादी और गुड़ी पड़वा।' वीवीएस लक्ष्मण ने लिखा, 'एक नया साल। कई परंपराएं। हैप्पी उगादी, गुड़ी पड़वा, चेटी चंद, नवरेह, साजिबू नोंग्मा पनबा। विविधता में एकता का जश्न। सभी को नई शुरुआत और असिमित संभावनाओं के लिए शुभकामनाएं।' अजिंक्य रहाणे ने अपनी पोस्ट में लिखा, 'गुड़ी पड़वा पर दिल से शुभकामनाएं। नया साल आपकी जिंदगी में खुशियां, सफलता लाए।' अनिल कुंबले ने लिखा, 'उगादी के इस पावन मौके पर, आपको और आपके परिवार को नए साल की हार्दिक शुभकामनाएं।' गुड़ी पड़वा हिंदू लूनिसोलर कैलेंडर की शुरुआत का प्रतीक है। इसे रंग-बिरंगे जुलूस और पारंपरिक रस्मों के साथ मनाया जाता है। गुड़ी पड़वा को महाराष्ट्र में बहुत उत्साह के साथ मनाया जाता है। उगादी, गुड़ी पड़वा, चेटी चंद, नवरेह और साजिबू नोंग्मा पनबा हिंदू नए साल के अलग-अलग, क्षेत्रीय त्योहार हैं जो एक ही दिन (चैत्र शुक्ल प्रतिपदा) को पड़ते हैं। ये त्योहार आमतौर पर मार्च-अप्रैल में मनाए जाते हैं।

# BOOK YOUR ADVERTISEMENT



+91 7088120612
















